<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के नवीनीकृत भूतल का उद्घाटन</u>

पन्तनगर। 17 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के नवीनीकृत भूतल का उद्घाटन आज विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने महाविद्यालय के आधारभूत ढाँचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर), अधिष्ठाता, शिक्षकों, छात्रों इत्यादि की प्रशंसा करते हुये उनका प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय प्रभारी रख–रखाव एवं सहायक प्राध्यापक डा. सौरभ सिंह ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डा. दीपा विनय के साथ अन्य महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सफल बनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डा. आशुतोष सिंह, प्राध्यापक; डा. मुकेश पाण्डे, प्राध्यापक; डा. सौरभ सिंह, सहायक प्राध्यापक; डा. निर्देश कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक; डा. रीतिका भट्ट, सहायक प्राध्यापक; डा. स्नेहा दोहरे, सहायक प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के कर्मचारी श्री मुकेश कुमार, प्रधान सहायक, श्री डी.डी. भट्ट, सहायक लेखाकार एवं महाविद्यालय के छात्र श्री शौर्य कुमार सिंह, पी.एच.डी. एवं कु. सिमरनपाल, कु. सुचिता, कु. स्नेहा ब्रजवासी एवं कु. तृप्ति भी उपस्थित रहे।

कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के नवीनीकृत भूतल का उद्घाटन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार